श्री बंशीधर नगर, शनिवार
08.03.2025
फाल्गुन शुक्लपक्ष नवमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 191

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:11 बजे
अस्त - 06:02 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 13 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com

8 MARCH
अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

6000 रुपये नगद समेत चोरी गये सामान बरामद >> पेज 03
तमन्ना संग रिश्ता टूटने के बाद... >> पेज 04

**सुविचार**

जिंदगी एक खूबसूरत कविता है, जिसकी हर पंक्ति में एक नया अर्थ छिपा है। अपने जीवन की कविता को सुंदर बनाएं

**न्यूज अपडेट्स**

### झारखंड में नौ से सतायेगी गर्मी

**रांची।** झारखंड में रविवार से गर्मी सताएगी। रविवार से राज्य के सभी जिलों में तापमान अधिक वृद्धि दर्ज की जायेगी। इससे लोगों को गर्मी का अधिक एहसास होगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि शुक्रवार और शनिवार दो दिनों तक तापमान में मामूली वृद्धि होगी, लेकिन रविवार से इसमें अधिक बढोत्तरी होने की सम्भावना है। अभिषेक आनंद ने कहा कि उत्तर पश्चिम की ओर से आनेवाली हवाओं की वजह से तापमान में अधिक बढोत्तरी नहीं हो रही है, लेकिन हवा की गति कम होते ही लोगों को गर्मी का अधिक एहसास होगा। वही रांची का शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री, न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री, जमशेदपुर का 32.1, न्यूनतम तापमान 14.6, डालटेनगंज का 30.6, न्यूनतम तापमान 10.6 रहा।

### वाहन के धक्के से लकड़बग्घे की मौत

**लातेहार।** जिले के मनिका हाई स्कूल के पीछे शुक्रवार को एक मृत लकड़बग्घा पाया गया। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन कर रही है। शुक्रवार को कुछ लोगों ने हाई स्कूल के पीछे एक जानवर को मृत पड़ा हुआ देखा। जानवर को देखकर लोगों ने हल्ला मचा दिया कि बाघ की मौत हुई है। वन विभाग की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मृत जानवर को देखा। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा मृत जानवर की पहचान लकड़बग्घा के रूप में की गई।

**महिला दिवस** विधानसभा की सभी महिला सदस्यों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात, सीएम ने कहा

# आधी आबादी को बना रहे सशक्त



**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से महिला विधायकों ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी महिला मंत्रियों और विधायकों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड विधानसभा में महिला जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से नारी शक्ति को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष की सभी महिला विधायक सदन में महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण की आवाज हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की भागीदारी से ही देश, राज्य और समाज के सर्वांगीण विकास का रास्ता खुलता है। हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना जैसी कई योजनाओं के माध्यम से आधी आबादी को सशक्त बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि झारखंड की महिलाओं ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल सहित अनेक क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल कर रही हैं। महिलाएं अपने मंजिल और मुकाम को हासिल करने में कामयाब हों, इसके लिए सरकार पूरा सहयोग करने को तैयार है। एक बार फिर आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बहुत-बहुत बधाई। इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक डॉ. नीरा यादव, विधायक लुइस मरांडी, विधायक सविता महतो, विधायक रागिनी सिंह, विधायक ममता देवी, विधायक पूर्णिमा दास साहू, विधायक श्वेता सिंह और विधायक मंजू कुमारी मौजूद थीं।

### आज से ही मिलेगी मंईयां सम्मान योजना की राशि

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को सदन में कहा कि राज्य की महिलाओं को होली पर्व से पूर्व मंईयां सम्मान योजना की राशि उनके खाते में भेज दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। सरकार इस योजना की त्रुटियों को ठीक कर रही है। त्योहारों से पूर्व राज्य की महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान आयेगी, ऐसा सरकार का प्रयास है। इससे संबंधित प्रश्न विधायक मंगल कालिंदी ने सरकार से पूछा था।

**फुलो झानो योजना बेहतर तरीके लागू करेगी सरकार :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार फुलो झानो योजना को और भी बेहतर तरीके से लागू करेगी। उन्होंने सदन को बताया कि उनकी सरकार ने राज्य की ऐसी महिलाओं के लिए इस योजना की शुरुआत की थी जो हड़िया दारू बेचकर जीविका चलाती हैं। लेकिन सरकार ने पाया कि जिन महिलाओं को इस योजना से जोड़ा गया वे फिर से हड़िया दारू बेचना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड ही नहीं बल्कि देश जहां-जहां आदिवासी समाज रहता है वहां की महिलाएं हड़िया दारू बेचती हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज गरीब और उपेक्षित है। महिलाएं मजबूरी में यह काम करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुजी का भी प्रयास था कि हड़िया दारू केवल पूजा पाठ तक ही सीमित रहे। उन्होंने कहा कि फुलो झानो योजना को और बेहतर बनाने के लिए विपक्ष भी सुझाव दे सकता है। इसके पूर्व इस मामले को उठाते हुए सूचना के रूप में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने कहा कि सड़क पर हड़िया दारू बेंचा जाता है। उन्होंने सरकार से इस पर रोक लगाने की मांग की।

### आज पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रवेश

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड पर्यटन विभाग ने राज्य की महिलाओं के सम्मान में एक विशेष पहल की है। इस पहल के तहत 8 मार्च को राज्य के सभी पर्यटन स्थलों, पार्कों, झरनों और विशेष रूप से पतरातू लेक पार्क में महिलाओं के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के विजन के तहत की गई इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर राज्य के मनोरम पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने और प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेने के लिए प्रेरित करना है।पर्यटन विभाग ने कहा कि वह महिलाओं को एक सुखद और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बने झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को सदन में भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी को विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता प्रदान की। पिछली बार जेएमएम गठबंधन सरकार के दौरान बाबूलाल मरांडी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिल पाया था। बाद में भाजपा ने अमर कुमार बाउरी को विधानसभा में विधायक दल का नेता चुना और उन्हें प्रतिपक्ष के नेता के रूप में मान्यता मिली थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में अमर कुमार बाउरी चुनाव हार गए, इसलिए भाजपा को विधायक दल का नया नेता चुनना पड़ा। धनवार से विधायक बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्हें गुरुवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष को इस संबंध में एक पत्र से सूचित किया था। विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने कहा कि उनसे पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय ने बाबूलाल मरांडी को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया था।

## सीता सोरेन पर उनके ही पूर्व पीए ने तानी बंदूक



**धनबाद।** भाजपा नेता सह शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन की हत्या करने का प्रयास किया गया है। हालांकि हमले में वह बाल बाल बच गईं। यह जानलेवा प्रयास उनके पूर्व पीए देवाशीष घोष ने किया हैं। घटना धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान घटी। बताया जाता है कि सीता सोरेन गुरुवार को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए कतरास पहुंची थीं। इस दौरान वह सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में रुकी थीं। जहां उनका पूर्व पीए देवाशीष घोष पहले से होटल के कमरे में मौजूद था। सीता सोरेन जैसे ही होटल के कमरे में घुसी वैसे ही देवाशीष घोष ने उनपर पिस्टल तान दिया और फायर करने का प्रयास किया। हालांकि इससे पहले कि वह गोली चला पाता, सीता सोरेन की सुरक्षा में मौजूद सुरक्षा गार्डों ने देवाशीष घोष को दबोच लिया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने देवाशीष के पास से दो पिस्टल बरामद किया है। मामले को लेकर डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम ने बताया कि सीता सोरेन के पीए देवाशीष मनोरंजन घोष के खिलाफ सीता सोरेन पर पिस्टल तानने की प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपित के पास से पुलिस ने पिस्टल भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया यह घटना धनबाद के सोनोटेल होटल में बीती देर रात की घटी है।

### मेस के खाने की गुणवत्ता पर उठाये सवाल

## इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों का हंगामा



**मेदिनीनगर :** पलामू के एक मात्र सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में मेस का खराब खाने मिलने पर जमकर हंगामा किया गया। बड़ी संख्या में छात्र कॉलेज कैंपस में जमा होकर विरोध प्रदर्शन किये। गुरुवार रात इस प्रदर्शन में छात्रों ने मेस संचालक को बदलने की मांग की। छात्रों का कहना है कि हॉस्टल में मिलने वाला खाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कई छात्र एनीमिया और पेट संबंधी बीमारियों से जूझ रहे हैं। मेस की फीस देने के बावजूद उन्हें मैगी और बिस्कुट पर निर्भर रहना पड़ता है। छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने मेस के खाने का वीडियो बनाकर सुखी पूड़ी और तेल भरे खाने की वास्तविकता दिखाई है। नाराज छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। कॉलेज प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत करने का प्रयास किया।

### मेस फीस बढ़ाने के बावजूद खाने की गुणवत्ता में सुधार नहीं

एक छात्रा ने बताया कि अनुचित भोजन के कारण वह मात्र दो महीने में एनीमिया से ग्रसित हो गई। छात्रों का आरोप है कि मेस फीस बढ़ाने के बावजूद खाने की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ है। चार हजार रुपए उनसे मेस चार्ज लिए जा रहे हैं। कॉलेज से छुट्टी लेकर विद्यार्थी घर चले जाते हैं तब भी उनसे मेस की पूरी फीस ली जाती है। छात्रों ने मेस के ठेकेदार को हटाने और नियमित रूप से मेस की जांच करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर वे अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। इधर, प्रिंसिपल डॉ. संजय कुमार सिंह ने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया तब जाकर मामला शांत हुआ। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि कॉलेज खुलने के बाद विद्यार्थियों के लिए मेस का खोला जाना जरूरी था। खाने की क्वालिटी को लेकर शिकायत है, उसमें सुधार कराया जाएगा। विद्यार्थियों ने मेस संचालन को लेकर मांग पत्र दिया है। विद्यार्थियों से मेस को लेकर नियम बनाने के लिए कहा गया है। फिर उसे लागू कर दिया जाएगा।

## सीबीआई की चार्जशीट पर कोर्ट का संज्ञान, समन का आदेश

### सेकंड जेपीएससी नियुक्ति घोटाला

**रांची।** रांची सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सेकंड जेपीएससी नियुक्ति घोटाला मामले में सीबीआई की चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। सीबीआई ने पिछले वर्ष नवम्बर महीने में करीब 12 साल बाद अपनी जांच पूरी कर रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट पर संज्ञान लेने के बाद अदालत ने शुक्रवार को चार्जशीट में अभियुक्त बनाए गए पुलिस अफसरों सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध समन जारी करने का आदेश भी पारित कर दिया है। सीबीआई की चार्जशीट में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद सहित 60 लोगों को आरोपित बनाया गया है। चार्जशीट में ऐसे अधिकारियों का नाम भी है जो प्रमोशन पाकर डीएससी से एसपी बन चुके हैं। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में यह खुलासा किया है कि जेपीएससी तत्कालीन के सदस्य और को-आर्डिनेटर के कहने पर 12 परीक्षार्थियों के नंबर बढ़ा दिए गए थे। कई अभ्यर्थियों की कापियों में काट-छांट कर नंबर बढ़ाए गए और सफल उम्मीदवारों के इंटरव्यू में मिले वास्तविक नंबर को भी बढ़ाया गया। इसमें जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप कुमार प्रसाद, सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, शांति देवी, राधा गोविंद सिंह नागेश, एलिस उषा रानी सिंह, अरविंद कुमार, सोहन राम, प्रशांत कुमार लायक, राधा प्रेम किशोर, विनोद राम, हरि शंकर बराईक, हरि शंगर सिंह मुंडा, रवि कुमार कुजुर, मुकेश कुमार महतो, एसए खन्ना, बटेश्वर पंडित, कोआर्डिनेटर परमानंद सिंह, अल्बर्ट टोप्पो, एस अहमद, नंदलाल, कुंदन कुमार सिंह, मौसमी नागेश, कानुराम नाग, लाल मोहन नाथ शाहदेव, प्रकाश कुमार, कुमारी गीतांजलि, संगीता कुमारी, रजनिश कुमार, शिवेंद्र, संतोष कुमार चौधरी, कुमार शैलेंद्र एवं हरि उरांव सहित अन्य का नाम शामिल है। ारखंड हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान वर्ष 2012 में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी। इससे पहले पिछले वर्ष मई महीने सीबीआई ने 37 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी।

# शांति समिति की बैठक में होली एवं रमजान पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर हुई चर्चा



बंशीधर न्यूज

**मेराल :** होली त्योहार को लेकर शुक्रवार को मेराल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें दोनों समुदाय के बड़ी संख्या में प्रबुद्ध लोग एवं पंचायत प्रतिनिधि तथा पदाधिकारी शामिल हुये। बैठक में होली एवं रमजान त्योहार को मिल जुलकर सोहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में शामिल प्रमुख दीपमाला कुमारी, सीओ यशवंत नायक, बीडीओ सतीश भगत, थाना प्रभारी विष्णु कांत ने लोगों से त्योहार के दौरान शांति बनाये रखने की अपील करते हुये असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने तथा गड़बड़ी की आशंका होने पर प्रशासन को त्वरित सूचना देने की बात कही। थाना प्रभारी ने चेतावनी देते हुये कहा कि त्योहार के दौरान शराब की खरीद बिक्री, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। बैठक का संचालन अतहर अली ने किया। बैठक में उप प्रमुख निजाम खान, मुखिया रामसागर महतो, अजीज अंसारी, वीरेंद्र नाथ तिवारी, सुरेश पासवान, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, रमेश राम, लक्ष्मी विश्वकर्मा, बबलू सिंह, सुनील सिंह, रुपू महतो, मनोज जायसवाल, अजय प्रसाद गुप्ता, मदन प्रसाद, शंभू राम, रामाकांत प्रसाद, जहुर अंसारी, खालिद अंसारी, नंदलाल तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दलित एडवाईजरी काउंसिल गठन के लिये मुख्यमंत्री को दी बधाई

**मेदिनीनगर :** दलित एडवाईजरी काउंसिल अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद गठन करने के लिये झारखंड के दलित नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें बधाई दी। दलित नेता ने कहा कि झारखंड निर्माण के बाद से ही झारखंड में 15 प्रतिशत आबादी वाले दलित समुदायों ने अपने सामाजिक विकास के लिये दलित एडवाईजरी काउंसिल गठन करने की मांग लगातार करते आ रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करने का संकल्प दिखाया है। दलित नेताओं ने कहा है कि काउंसिल गठन करने में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की ने अहम भूमिका निभाई है। दलित नेताओं ने विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के कार्यालय में सामूहिक रूप से मिल कर उन्हें फूल माला बुके देकर स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से भीम कुमार, सोरेन राम, गणेश रवि, रामचन्द्र राम, इंदिरा देवी, पंकज कुमार, विभाष चंद्र, कौशल पासवान, किशोर नायक, दामोदर वाल्मीकि शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### वाहन की चपेट में आने से मौत

**गढ़वा :** जिले के गढ़वा-श्री बंशीधर नगर फोरलेन पर डुमरो गांव के समीप सड़क दुर्घटना में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान केतार थाना क्षेत्र के बेलाबार गांव निवासी सकेंदर सोनी के पुत्र विकास सोनी के रूप में हुई है। विकास अपने ससुराल में साले के तिलक समारोह में शामिल होने आया था। समारोह समाप्त होने के बाद वह बाईक से अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया।

### बाईक दुर्घटना में दो घायल

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर जंगीपुर में स्थित बिजली सब स्टेशन के समीप बाईक दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल भेजवाया। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद स्थिति खतरे से बाहर बताया। घायलों में डंडई थाना क्षेत्र के बोलिया निवासी चंद्रिका सिंह उम्र 19 वर्ष एवं चंदन सिंह उम्र 19 वर्ष के नाम शामिल हैं। दोनों घायल भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान गांव में अपने रिश्तेदार के घर गये थे। वहीं से वापस अपने घर लौट रहे थे। जंगीपुर स्थित विद्युत सब स्टेशन के समीप अनियंत्रित होकर बाईक से गिर कर घायल हो गये।

### चार बाईकें बरामद, दो गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** सदर थाना की पुलिस ने चोरी की चार बाईक के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये अपराधियों में सदर थाना क्षेत्र के बड़का गांव निवासी 26 वर्षीय सोनू कुमार बैठा एवं पांकी थाना क्षेत्र के बैदा तेतराई का पंकज कुमार रजक शामिल है। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय के अनुसार दो दिन पूर्व एंटी क्राईम चेकिंग के दौरान एक चोरी का स्पेंलडर बाईक नम्बर 4621 सोनू बैठा के पास से बरामद किया गया था। उसकी निशानदेही पर तीन अन्य बाईक स्पेंलडर प्रो 8956 ए टीवीएस आपाची 9653 एवं स्पेंलडर प्रो बाईक 2702 बरामद किया गया है।

**गढ़वा** ▶ रांची विवि का 38वां दीक्षांत समारोह

# धीरज को मास्टर ऑफ लॉ की डिग्री

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** रांची विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 38 वें दीक्षांत समारोह में गढ़वा के राजनीतिक चेहरा धीरज दुबे को मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम) की उपाधि प्रदान की गई है। यह सम्मान उन्हें प्रदेश के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, कुलपति अजीत कुमार सिंहा और छोटानागपुर लॉ कॉलेज के प्राचार्य पंकज कुमार चतुर्वेदी के द्वारा दिया गया। इस उपलब्धि से उनके परिवार, मित्र और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है।

### धीरज के शिक्षा के प्रति समर्पण और संघर्ष की कहानी

धीरज दुबे एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से उच्च शिक्षा हासिल की। उनकी प्रारंभिक शिक्षा आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में हुई, जहां से उन्होंने 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण किया। इसके बाद उन्होंने डीएवी स्कूल पलामू से 12 वीं की परीक्षा पास की। प्रारंभ से ही वे शिक्षा के प्रति गंभीर थे और शैक्षणिक क्षेत्र में रुचि रखते थे। इसी जुनून ने उन्हें मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम) तक पहुंचाया।

### शिक्षा के साथ समाजसेवा और राजनीति में भी निभा रहे अहम भूमिका

धीरज दुबे सिर्फ एक मेधावी छात्र ही नहीं, बल्कि समाजसेवा और राजनीति के क्षेत्र में भी काफी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने हमेशा समाज के विकास और जरूरतमंदों की मदद को प्राथमिकता दी।

### समाजसेवा से राजनीति तक का सफर

राजनीतिक सक्रियता के बाद भी धीरज दुबे ने शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाये रखा। वे समाज में व्याप्त समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाने में हमेशा आगे रहे। जहां कहीं अन्याय हुआ, वहां उन्होंने मजबूती से अपनी बात रखी। उनके निडर और ईमानदार स्वभाव के कारण ही उन्हें विद्यार्थियों का समर्थन मिला और छात्र राजनीति में उनकी लोकप्रियता बढ़ी। इसी संघर्ष और समाजसेवा की भावना को देखते हुये झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने उन्हें संगठन में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा की समाज में योगदान देना हमारा शौक है और शिक्षा जारी रखना मेरा ज्ञान के प्रति भूख! यह मेरी जीवन का सुखद दिन है।

### परिवार में खुशी की लहर

धीरज दुबे की इस सफलता से उनके परिवार, शिक्षक, मित्र और शुभचिंतक बेहद खुश हैं। उनकी इस उपलब्धि से गढ़वा जिले के अन्य छात्र भी प्रेरित हो रहे हैं और यह संदेश मिल रहा है कि यदि मन में लक्ष्य के प्रति सच्ची लगन और मेहनत हो, तो कोई भी व्यक्ति अपनी मंजिल हासिल कर सकता है।

स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया

धीरज दुबे की सफलता पर स्थानीय समाजसेवियों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गढ़वा के शिक्षाविद् सतीश पांडेय ने कहा की धीरज दुबे ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। धीरज बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं महाविद्यालय परिसर में भी उनकी काबिलियत की तारीफ होती थी। धीरज व्यवहारिक, अनुशासित और सिद्धांतवादी छात्र रहे हैं। उनकी उपलब्धि जिले के अन्य छात्रों के लिये प्रेरणा है। शिक्षा और समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक मिसाल बनाती है। उनकी सफलता से यह स्पष्ट होता है कि सच्ची मेहनत और लगन से हर सपना पूरा किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि से प्रेरणा लेते हुये जिले के अन्य युवा भी शिक्षा और समाजिक क्षेत्रों में योगदान देते हुये अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।

# सदर अस्पताल में जन औषधि केंद्र की मनी वर्षगांठ

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** सदर अस्पताल में शुक्रवार को जन औषधि केंद्र का सातवां वर्षगांठ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ पीयूष प्रशांत, डॉ माया पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि आद्या शंकर पांडेय, जन औषधि केंद्र के संचालक संजय कुमार अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके सिविल सर्जन डॉ कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में कम कीमत में अच्छी क्वालिटी की दवा उपलब्ध हो रही है। इससे लोगों को काफी राहत मिल रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा गढ़वा सदर अस्पताल में भी सभी मरीज को समुचित इलाज के साथ-साथ मरीज को सभी दवा उपलब्ध हो रही है। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि लोगों को जन औषधि केंद्र के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गढ़वा सदर अस्पताल के अलावे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र सभी में जन औषधि केंद्र की आवश्यकता है। विधायक प्रतिनिधि आद्या शंकर पांडेय ने कहा कि सदर अस्पताल में भी सभी प्रकार का दवा उपलब्ध है। संचालक संजय अग्रवाल ने कहा उनका उद्देश्य है कि लोगों को दवा भाव से कम कीमतों में उपलब्ध करायें। मंच संचालन हॉस्पिटल मैनेजर सूर्यमणि त्रिपाठी ने किया। मौके पर विकास कुमार तिवारी, सोनू कुमार गुप्ता, गौरी शंकर गोड़, डीडीएम सुजीत कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन सड़क के कारण ही आये दिनों हो रही है दुर्घटनाएं, कई लोगों की जा चुकी है जान

# भंडार में एनएच पर हुई सड़क हादसे में दो सगे भाई समेत तीन घायल

बंशीधर न्यूज




**विश्रामपुर :** थाना क्षेत्र के भंडार गांव के समीप एनएच- 39 पर गुरुवार की देर रात क्रेटा कार व पीकअप (मालवाहक) के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में दो सगे भाई समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटनास्थल पर पुलिस वालों के पहुंचने से पहले ही घायलों को इलाज के लिये वहां के लोगों के सहयोग से मेदिनीनगर के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भेज दिया गया था। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों में एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जिससे उसकी स्थिति को देखते हुये रांची रेफर कर दिया गया है। घटना में घायल दोनों लड़के रजहरा के धर्मेंद्र पांडेय के बताये जा रहे हैं, जो एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। टक्कर इतनी भयंकर थी कि पुलिस को जेसीबी मंगवाकर भारी मशक्कत के बाद दोनों क्षतिग्रस्त गाड़ियों को अलग किया गया। हालांकि इस घटना में पीकअप का चालक बाल-बाल बच गया है। वह पपीता लोड कर गढ़वा से पड़वा की ओर जा रहा था। घटनास्थल पर उपस्थित लोगों ने बताया कि फोरलेन सड़क निर्माण होने के कारण सड़क अभी कई जगहों पर टूटा और कटा हुआ है जिसके कारण आये दिन घटना हो रही है जिसमें अभी तक कई जाने जा चुकी है। ग्रामीणों ने इसमें सड़क निर्माण कम्पनी की घोर लापरवाही बताया है। सड़क निर्माण में खोदे गये गढ्ढे के किनारे बैरिकेडिंग नहीं होने से चालकों को उसका अंदाज नहीं लग पाता है जिससे दुर्घटनाएं आम हो गयी है। देर रात घटनास्थल पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा ने बताया कि दोनों गाड़ियों के बीच भीषण टक्कर हुई थी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों से मिली सूचना के तुरंत बाद वहां नौगढा ओपी पुलिस पहुंच गई थी। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को घटनास्थल से उठवाकर थाना लाया गया है। वहीं मामले की छानबीन की जा रही है।

## कांडी में बजरंगबली की प्राण प्रतिष्ठा



**कांडी :** प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत सोनपुरवा गांव में शुक्रवार को मंदिर में बजरंगबली के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। पिछले तीन दिनों से चल रहे धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। 5 मार्च को मंदिर प्रांगण से सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल तक विशाल कलश यात्रा निकाली गयी थी। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुये। पुजारी हिमांशु पाठक ने सभी धार्मिक अनुष्ठान व कर्मकांड पूर्ण कराया। वहीं मुख्य यजमान के रूप में राम नरेश साहू व पत्नी बिमला देवी, सुरेश साहू-पत्नी प्रमिला देवी व उमेश साहू पत्नी अनिता देवी शामिल थे। शुक्रवार को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ हवन यज्ञ, पूणार्हुति सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही महाभंडारे का भी आयोजन किया गया था। मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे गांव के लोगों ने बहुमूल्य भूमिका निभाया। जिसमें सूर्यदेव यादव, प्रदीप यादव, राम लखन साहू, मुखदेव यादव, रामेश्वर पाल, सीता राम पाल, सुनील साव, रामचन्द्र राम, योगेंद्र राम, रवीन्द्र पाल, सुरेन्द्र साव आदि के नाम शामिल हैं।

## आठवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी



**गढ़वा :** झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा केंद्र विभिन्न निजी तथा सरकारी विद्यालयों के साथ साथ मुख्यालय स्थित एआरडी पब्लिक स्कूल को भी बनाया गया है। जहां सोमवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उक्त परीक्षा केंद्र पर ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल एवं ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल बेलचंपा, साईं पब्लिक स्कूल चिनियां रोड गढ़वा, कौटिल्य विद्यालय खजुरी तथा एसएस शिक्षा निकेतन पोटमा के छात्र शामिल होंगे। परीक्षा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्या सह केंद्राधीक्षक अणिमा पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड परीक्षा सोमवार को दो पालियों में आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली प्रातः 9:45 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से 5:15 बजे तक ली जायेगी। सभी संबंधित परीक्षार्थियों को जैक द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा प्रारम्भ होने से आधे घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर अपना स्थान ग्रहण करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रारम्भ होने के आधे घंटे बाद या विलंब से आने वाले छात्रों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

## देवकी महावीर महाविद्यालय के प्रषिक्षु शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे रेहला




**गढ़वा :** देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल फरठिया गढ़वा के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से शुक्रवार को बीएचएमएस चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं ने रेहला स्थित आदित्य बिरला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिवीजन एवं जल शुद्धिकरण संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने औद्योगिक इकाई और जल शुद्धिकरण संयंत्र के कार्यों और प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से समझा। यह दौरा छात्रों को उनके पाठ्यक्रम के व्यावहारिक पहलुओं को समझने में काफी मददगार रहा। यह भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ केशवेन्द्र कुमार तिवारी, प्राध्यापक डॉ तथागता सरकार, डॉ रूपा तिवारी एवं डॉ धर्मवीर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## भवनाथपुर में मना जन औषधि दिवस



**भवनाथपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को सातवां जन औषधि दिवस मनाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने इस अवसर पर लोगों के साथ महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि सरकार हर सीएचसी पर जन औषधि केंद्र खोल रही है। प्रधानमंत्री की जनोपयोगी योजना जन औषधि दवाओं की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन औषधि की दवाएं ब्रांडेड दवाओं के समान ही प्रभावी हैं। दोनों की गुणवत्ता में कोई अंतर नहीं है। मुख्य अंतर केवल कीमत का है। जन औषधि की दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे बिना किसी संकोच के जन औषधि दवाओं का उपयोग करें। यह पहल स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिये सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर डॉ शैलेंद्र कुमार, गुप्तेश्वर प्रसाद, बीटीटी धर्मजीत पासवान, अनूप कुमार गुप्ता, सीपी यादव, अरुण लकड़ा आदि मौजूद थे।



# परीक्षा देने जा रहे एक युवक की मौत, दो घायल

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** मैट्रिक की परीक्षा देने जा रहे एक परीक्षार्थी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जबकि दो परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत खरसोता-पतीला मुख्य मार्ग पर सोनपुरवा एनआरबी इंट भट्ठा के करीब हुई है। जानकारी के अनुसार सेतो गांव से एक ही बाईक पर तीनों छात्र परीक्षा देने जा रहे थे। उसी दौरान बाईक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। लोगों ने बताया कि बाईक की गति तेज होने से दुर्घटना घटी है। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण एवं परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को मझिआंव रेफरल अस्पताल लाया। जहां पर उपस्थित डॉ विशाल कुमार मिश्रा ने सुल्तान अंसारी को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल जयकुमार एवं लव कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। डॉ विशाल ने बताया कि सतबहिनी के समीप हुई बाईक दुर्घटना में खादिम अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र सुल्तान अंसारी की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो चुकी थी। जबकि बबलू बैठा के 17 वर्षीय पुत्र जयकुमार एवं वाल्मीकि बैठा के 18 वर्षीय पुत्र लव कुमार दोनों घायल हैं। तीनों युवक कांडी थाना क्षेत्र के सेतो गांव के निवासी हैं। मृतक को पोस्टमार्टम नहीं कराने को लेकर पिता सद्दाम अंसारी एवं अन्य परिजनों ने लिखित आवेदन दिया और उसके बाद शव को अपने घर लेकर चले गये। तीनों युवक गरदहा हाईस्कूल प्लस टू के मैट्रिक के छात्र बताये गये। इस संबंध में थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि एसआई अरविंद सिंह एवं एएसआई वीरेंद्र पासवान को दलबल के साथ भेजा गया है। मृतक के परिजनों द्वारा शव अपने घर सेतो ले लाया गया था। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

## न्यूज अपडेट्स

### बीडीओ की पहल से रूकी नाबालिग की शादी

**छतरपुर :** छतरपुर में बीडीओ की पहल से एक नाबालिग की शादी को रोका गया और उसका रेस्क्यू कर सखी वन स्टॉप सेंटर में देखभाल के लिये भेजा गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र में एक बाल विवाह का मामला चल रहा था। इसकी भनक जब छतरपुर बीडीओ आशीष कुमार साहू को लगी तो वे सीडीपीओ शीला कुमारी एवं महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी के साथ स्थल पर पहुंचे और नाबालिक लड़की को अपने साथ लेकर कुछ दिनों के लिये मेदिनीनगर में सखी वन स्टोप सेंटर में भेज दिया है। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कही भी बाल विवाह करते पकड़े जाने पर अभिभावक के साथ-साथ विवाह में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड का कोई भी अभिभावक अपनी लड़की की शादी कानूनी रूप से बालिग होने पर ही करें और बाल विवाह से बचें। लड़कियों की शादी 18 वर्ष एवं लड़कों की शादी 21 वर्ष पर ही करनी चाहिये। उन्होंने लोगों से अपील करते हुये कहा कि प्रखंड क्षेत्र में कही भी बाल विवाह की खबर प्राप्त होती है तो इसकी सूचना प्रखंड कार्यलय को दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के सुदना रेलवे ट्रैक पर आज उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब एक व्यक्ति अचानक ट्रेन के आगे कूद गया और देखते-देखते उसकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उस व्यक्ति ने ट्रेन को आते देख अचानक छलांग लगा दी। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस परिजनों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## अपराध

### पुलिस ने चोरी कांड का किया खुलासा, दो गिरफ्तार

# 6000 रुपये नगद समेत चोरी गये सामान बरामद

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल की पुलिस ने गतदिनों नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के कोर्ट परिसर के पास स्थित दो दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करने एवं धुरकी थाना क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सगमा शाखा में वेंटीलेटर तोड़कर चोरी का प्रयास किये जाने संबंधी मामले का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने दोनों मामले में संलिप्त दो चोरों के साथ चोरी गये सामानों को बरामद कर लिया है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। वे शुक्रवार को नगर ऊंटारी थाना में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गत 3 मार्च को नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के कोर्ट परिसर के पास स्थित दो दुकानों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा प्रिंटर, इनवर्टर, लेमिनेशन मशीन समेत 6 हजार रुपये नगद की चोरी कर ली थी। साथ ही उसी रात में धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की नीयत से बैंक का वेंटिलेटर तोड़कर बैंक में घुस गये थे जिसका मामला दोनों थाना में दर्ज कराया गया था। एसडीपीओ श्री सिंह ने बताया कि एसपी साहब के निर्देश पर हमारे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर नगर ऊंटारी रतन कुमार सिंह, नगर ऊंटारी थाना के थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, धुरकी थाना के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, नगर ऊंटारी के पुअनि रंजन कुमार साह, संदीप कुमार रवि, सअनि संजय पासवान, अनुज कुमार सिंह एवं धुरकी थाना के पुअनि बिक्कू कुमार को शामिल किया गया था। छापेमारी टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं गुप्त सूचना के आधार पर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला अंतर्गत दुद्धी थाना क्षेत्र के निमियाडीह गांव निवासी सरफराज अहमद एवं दिघुल गांव निवासी अंकित कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान दोनों अपराधकर्मियों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधकर्मियों की निशानदेही पर चोरी गये सामान को बरामद कर लिया गया। बरामद किये गये सामानों में दो प्रिंटर, एक इनवर्टर, एक लेमिनेशन मशीन, एक कीबोर्ड, एक माउस, घटना में प्रयुक्त मास्क के रूप में इस्तेमाल किये गये दुपट्टा, पहने हुये कपड़ा, जूता, घड़ी, ताला तोड़ने में इस्तेमाल किया गया लोहे का रॉड, तीन मोबाईल फोन एवं 6 हजार रुपये नगद बरामद किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि घटना में शामिल एक अन्य अपराधकर्मी की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उक्त अपराधी को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधकर्मियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्रेसवार्ता में नगर ऊंटरी के थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक धुरकी के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार नगर ऊंटरी के पुराने रंजन कुमार साह, धुरकी के पुअनि बिक्कू कुमार, नगर ऊंटारी थाना के मुंशी कौशल दूबे आदि मौजूद थे।

## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अता की रमजान के पहले जुम्मे की नमाज

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** मुस्लिम धर्मावलंबियों का पवित्र माह-ए-रमजान के पहला जुम्मे की नमाज शुक्रवार को अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण मस्जिदों में जुम्मे की नमाज अकीदत के साथ अता किया गया। पारंपरिक लिबास में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अल्लाह की शान में सजदा किया। नगर ऊंटारी, चेचरिया, बरडीहा, नरही, कधवन, कुशडण्ड, कोइन्दी, हुलहुला, सोनवर्षा सहित अन्य मस्जिदों में रोजेदारों ने जुम्मे की नमाज अता किया। नमाज अता करते समय मुस्लिम धर्मावलंबियों ने क्षेत्र के अमन और चैन की दुआएं मांगी। रमजान माह के अवसर पर इस जुम्मे की नमाज में काफी संख्या में नमाजियों ने भाग लिया। नगर ऊंटारी स्थित मस्जिद में जामिया इस्लामिया जब्बारिया में पेशे इमाम अब्दुल कादिर साहब ने नमाज अता कराया। इस दौरान उन्होंने पवित्र रमजान महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पवित्र माह ए रमजान के पालन करने से न केवल शांति मिलती है बल्कि अल्लाह की रहमत भी बरसती है। मौके पर सदर तौहिद खान, सरपरस्त शमीम खान, तस्लीम खान सीनियर, आमिन खान, शोएब आलम, तौकीर आलम, फुलटुन खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**नीलांबर-पीतांबरपुर :** बालू के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को रोकने के लिये लगातार कारवाई की जा रही है। पुलिस इंस्पेक्टर ने गुरुवार की रात हरसईन मोड़ से अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जो को जब्त किया है। पकड़े गये तीनों ट्रैक्टर पर कारवाई के लिये खनन विभाग को सूचना दे दी गई है। जानकारी के मुताबिक पुलिस इंस्पेक्टर पूनम टोप्पो को सूचना मिली थी कि अमानत नदी घाट से प्रतिदिन बालू का अवैध तरीके से उत्खनन किया जा रहा है। जिसके बाद गुरुवार की रात अवैध खनन को रोकने के लिये छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान नीलांबर पितांबरपुर के हरसईन मोड से बालू लदे तीन ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। इधर देर रात इंस्पेक्टर की इस कार्रवाई से बालू के अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि बालू लदे पकड़े गये अवैध ट्रैक्टर को जब्त कर सुरक्षार्थ थाना को सुपुर्द किया गया है। जब्ती सूची बनाकर अग्रेत्तर कार्रवाई के लिये खनन विभाग को सूचना दे दी गयी है।

### करंट लगने से युवक की मौत, मातम



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर शहर के बस स्टैंड में शुक्रवार की शाम शिवम् स्वीट के छत पर जनरेटर सप्लाई लाईन का कनेक्शन जोड़ने के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 के दक्षिण टोला निवासी सुशील कमलापुरी के 27 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार उर्फ छउआ के रूप में हुई है। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि अजीत कुमार चचेरिया में स्थित चाहत मोबाईल और शहरी क्षेत्र में जनरेटर लाईन सप्लाई का कार्य करता था। बस स्टैंड के समीप दुकानदारों द्वारा बताया गया कि गुरुवार की शाम जनरेटर सप्लाई तार टूटा हुआ था। जनरेटर सप्लायर सुनील मेहता के दूरभाष पर कहने पर अजीत दो अन्य के साथ तार जोड़ने के लिये शिवम स्वीट के छत पर चढ़ कर तार जोड़ रहा था। इसी दौरान बिजली करंट की चपेट में आ गया। जैसे ही अजीत को करंट लगा वैसे ही साथ गये दोनों लोग भाग गये। घटना की जानकारी मिलने पर बस स्टैंड में अफरा तफरी मच गई। थोड़ी देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। उधर सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को हटाते हुये मृत अवस्था में पड़े अजीत कुमार को 108 एंबुलेंस से अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है।

### तेल मशीन की चपेट में आने से घायल

**विश्रामपुर :** तेल मशीन की चपेट में आने से एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया है। विश्रामपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिये रांची रेफर कर दिया गया। घटना शुक्रवार शाम पांच बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार पांडू थाना क्षेत्र के बंदला गांव निवासी दिलीप चौधरी का चौदह वर्षीय पुत्र नीरज चौधरी घर से सरसों लेकर तेल मिल में गया था। सरसो से तेल निकलने के दौरान उसका दायां हाथ तेल मशीन में चला गया। जिससे उसका हाथ धड़ से अलग हो गया है। उसे तत्काल इलाज के लिये विश्रामपुर सीएचसी लाया गया। उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुये ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रेफर कर दिया है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार का कैंप

**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शुक्रवार को इंदिरा सिंह बीएड कॉलेज में लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएलवी ने बीएड के छात्र-छात्राओं को कानून के बारे में जानकारी दी। मौके पर पीएलवी कामेश्वर गुप्ता ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत मिलने वाली स्पॉन्सरशिप योजना के विषय में जानकारी दी। वहीं पीएलवी सुधीर चौबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के गठन एवं कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महिलाओं की साक्षरता दर, हिट एंड रन और असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे मजदूरों को श्रमाधान पर अपना निबंधन करवाने से संबंधित जानकारी दी। जबकि पीएलवी रामाशंकर चौबे ने नशा उन्मूलन, अनुशासन के महत्व से संबंधित जानकारी दी। पीएलवी तृप्ता भानू ने मध्यस्थता, साईबर क्राईम से संबंधित जानकारी व 8 मार्च को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य दीपक कुमार, अवधेश कुमार सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## दर्जनों ग्रामीण का स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवा दी गयी

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जन औषधि दिवस मनाया गया

बलराम शर्मा



**मेराल :** लातदाग आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शुक्रवार को जन औषधि दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर दर्जनों ग्रामीण का स्वास्थ्य जांच के बाद नि:शुल्क दवा दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आरोग्य भारती के प्रांतीय आरोग्य मित्र प्रशिक्षण प्रमुख मनोरंजन कुमार सिंह एवं डॉ कुमार शशांक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रमुख मनोरंजन कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के कैंप का आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा जांच कर मरीजों को नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराना है। डॉ कुमार शशांक ने कहा कि इस तरह का कैंप का आयोजन कर जन-जन तक सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में चलाई जा रही कार्यक्रमों की जानकारी तथा सस्ते दामों पर मरीजों को दवा उपलब्ध कराना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। महीने की हर 21 तारीख को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन कर लोगों का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त में दवा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य भारत के सपने को साकार करने के लिये इस तरह के कैंप का आयोजन कर गंभीर बीमारी का भी सैंपल जांच कर जांच रिपोर्ट आने के बाद उनकी दवा शुरू किया जाता है। शिविर में टीवी मरीज शुगर, हार्ट, बीपी, गर्भवती महिलाएं आदि बीमारी के मरीजों का जांच किया गया। उपस्थित लोगों ने बताया कि गांव में स्वास्थ्य केंद्र होने से काफी सहूलियत है। शिविर में एएनएम रश्मि रंजन, मुखिया बेबी देवी, उप मुखिया, स्वास्थ्य सहिया पूनम देवी, संध्या देवी, कविता देवी, अमरावती देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, संजू देवी, प्रिंस कुमार, रोशन कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन




बंशीधर न्यूज

**भंडरिया :** पंचायत भवन प्रांगण में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मेला में विभिन्न गांव के किसान अपना उत्पाद लेकर स्टॉल में पहुंचे थे। प्रदर्शनी में शामिल पदाधिकारी ने स्टॉल में लगे किसानों की उत्पाद का निरीक्षण किया। जिसके बाद चयनित किसानों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर परियोजना निदेशक आत्मा योगेन्द्र सिंह ने कहा कि किसान अच्छे बीज लगाकर अपना उत्पादन बढ़ाने का काम करें। अच्छा उर्वरक का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि अच्छी किस्म के बीज लगाने से उनका उपज बढ़ेगी। किसानों को इससे संबंधित प्रशिक्षण समय समय पर दी जायेगी। ताकि अपने उत्पाद को बढ़ा सके। मौके पर एटीएम शशिकांत शर्मा, पंकज दुबे, जगन्नाथ राम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मोजेश किस्पोट्टा, विधायक प्रतिनिधि बिरझु सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत से अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने की मुलाकात, फिल्म निर्माण पर हुई चर्चा






## तमन्ना संग रिश्ता टूटने के बाद अलग मूड में दिखे विजय वर्मा

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा की राहें अब अलग हो चुकी हैं। कुछ हफ्ते पहले ही दोनों का ब्रेकअप हुआ, लेकिन वे अब भी एक-दूसरे के प्रति सम्मान बनाए रखेंगे और दोस्ती का रिश्ता कायम रहेगा। तमन्ना और विजय के अलगाव की खबर ने उनके प्रशंसकों को चौंका दिया है। ब्रेकअप की चर्चाओं के बीच हाल ही में विजय वर्मा को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद पैपराजी को पूरी तरह नजरअंदाज किया और बिना कोई प्रतिक्रिया दिए वहां से निकल गए। सोशल मीडिया पर विजय वर्मा का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि जब पैपराजी ने विजय से पोज देने का अनुरोध किया, तो उन्होंने बिना कोई प्रतिक्रिया दिए मना कर दिया और सीधे वहां से चले गए। यह पहली बार है जब विजय ने पैपराजी को पूरी तरह से नजरअंदाज किया है, जबकि आमतौर पर वह हंसते-मुस्कुराते उनसे बातचीत करते हैं। इस वीडियो पर प्रशंसकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। वेब सीरीज 'लस्ट स्टोरीज 2' की शूटिंग के दौरान तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा एक-दूसरे के करीब आए। दोनों ने अपने रिश्ते को खुलकर स्वीकार किया और कई मौकों पर अपने प्यार का इजहार किया। हालांकि, अब उनके ब्रेकअप की खबरें सुर्खियों में हैं। बताया जा रहा है कि इस अलगाव की मुख्य वजह शादी को लेकर मतभेद था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तमन्ना पर परिवार की ओर से घर बसाने का दबाव था और वह भी जल्द शादी करना चाहती थीं, लेकिन विजय फिलहाल इसके लिए तैयार नहीं थे। यही कारण था कि दोनों के बीच दूरियां बढ़ने लगीं और आखिरकार उन्होंने अलग होने का फैसला कर लिया।

## 'द डिप्लोमैट' का नया इमोशनल गाना 'घर' हुआ रिलीज




अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द डिप्लोमैट' को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है। मेकर्स ने फिल्म का नया गाना 'घर' रिलीज कर दिया है। इस इमोशनल गाने को वरुण जैन, रोमी और अनुराग सैकिया ने अपनी आवाज दी है, जबकि इसके बोल कौसर मुनीर ने लिखे हैं। दिल को झकझोर देने वाली धुनों और भावनात्मक बोलों के साथ 'घर' एक ऐसा गाना है, जो हर उस व्यक्ति के दिल को छू जाता है, जो अपने घर और अपनों से दूर हैं। 'द डिप्लोमैट' एक सच्ची घटना पर आधारित फिल्म है, जो एक भारतीय राजनयिक द्वारा पाकिस्तान से एक भारतीय लड़की को वापस लाने के प्रयासों की कहानी दिखाएगी। इस फिल्म में जॉन अब्राहम इस्लामाबाद में भारत के पूर्व उप उच्चायुक्त जेपी सिंह की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में जॉन के साथ सादिया खतीब, रेवती, कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। जॉन अब्राहम ने इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार के साथ मिलकर किया है। इस रोमांचक फिल्म की पटकथा विक्रम भट्ट ने लिखी है और इसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है। पहले यह फिल्म 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 14 मार्च को होली के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

# पड़वा मोड़ पर होली मिलन समारोह में उड़े अबीर गुलाल

### होली के गीतों पर झूम उठे दर्शक

बंशीधर न्यूज



**विश्रामपुर** : नावा बाजार थाने का चर्चित पड़वा मोड़ परिसर में गुरुवार को आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल मुख्य व विशिष्ट अतिथियों के साथ क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने उड़ते अबीर गुलाल की खुशबू के बीच एक से बढ़कर होली गीतों का भरपूर लुफ्त उठाया। टीटीई इंस्पेक्टर सह ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन के महासचिव बीएम पांडेय व स्थानीय लोगों के सहयोग से आयोजित होली मिलन समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि पड़वा थाने के सब इंस्पेक्टर विक्की कुमार, विशिष्ट अतिथि एएसआई प्रद्युम्न पासवान, ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन के शाखा सचिव संजय पासवान ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। सब इंस्पेक्टर विक्की कुमार ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि होली न सिर्फ रंगों का त्योहार है बल्कि यह सामाजिक समरसता व आपसी सद्भाव का त्योहार है। इसे मिलजुलकर मनाने में ही वास्तविक आनंद की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि टीटीई इंस्पेक्टर श्री पांडेय की ओर से हर वर्ष ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इतना ही नहीं श्री पांडेय अपनी ड्यूटी से समय निकाल कर इस क्षेत्र में धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। टीटीई इंस्पेक्टर श्री पांडेय ने कहा कि ऐसे आयोजन की प्रासंगिकता आज के दौर में और बढ़ गयी है। जिले के चर्चित लोक गायक उमाशंकर मिश्रा व बिहार से आयी लोग गायिका खुशबू राणा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज कर एक से बढ़ कर होली गीतों को गाकर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर टीटीई रवींद्र कुमार दुबे, दिलीप कुमार, मणिकांत तिवारी, धर्मेंद्र पासवान, दिलीप तिवारी, दिवाकर पांडेय, भास्कर पांडेय, जितेंद्र पांडेय, मुन्ना कुमार, धर्मेंद्र पांडेय, विनय पांडेय, धनन्जय पांडेय समेत मोड़ के कई व्यवसायी व स्थानीय लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

### आध्यात्मिक संगीत से भक्ति मार्ग का राह होगा आसान : संभव बाबा



**मेदिनीनगर** : सुर संगम कला केंद्र में अघोरेश्वर परम पूज्य गुरुदेव संभव बाबा का आगमन हुआ। यहां केन्द्र के निदेशक आशुतोष पांडेय एवं केंद्र के संचालक सह भजन गायक राम-श्याम बंधु के द्वारा अघोरेश्वर गुरुदेव संभव बाबा का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात बाबा ने केंद्र में लगे अवधूत भगवान राम की तस्वीर के सामने विधिवत अघोरेश्वर महामंत्र के द्वारा पूजा पाठ की शुरूआत की। उसके बाद राम-श्याम बंधु ने भजन सुनाकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संभव बाबा ने आध्यात्मिक संगीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि संगीत की शुरूआत सा रे ग म प ध नि से होता है, जहां आध्यात्मिक क्षेत्र में सा का अर्थ होता है साकार और अंतिम स्वर नि है, जिसका अर्थ होता है निराकार, यानी जीवन की शुरूआत साकार ब्रह्म के उपासना से होती है और निराकार ब्रह्म में विलीन हो जाती है और जो पांच स्वर बीच में बच जाते हैं रे ग म प ध इन्हीं पांच स्वरों से यानि पांच तत्वों से भौतिक शरीर का निर्माण होता है। गुरुपद संभव बाबा जी ने सब लोगों को बताया कि आज के परिवेश में अपने आप को और बच्चों को आध्यात्मिक संगीत से जोड़ना बहुत जरूरी है। इससे भक्ति मार्ग में चलना आसान होता है। अंत में बाबा ने संगीत के सभी कक्षाओं का तथा चित्र कला का घूम घूम कर अवलोकन किया और भविष्य में सितार क्लास की शुरूआत करने के सुझाव दिये। इस मौके पर शशि जी, शास्त्रीय गायक रमेश पाठक, गजल गायक सुमन मिश्रा, बांसुरी वादक पवन कुमार शर्मा, ब्राईटलैंड के प्राचार्य राहुल सिंह, समाजसेवी विश्वजीत पाठक, गायिका श्वेता पांडेय, शालिनी वैद्य आदि उपस्थित थे।

### कांग्रेस की बैठक में हंगामा

**मेदिनीनगर** : पलामू में गुरुवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित संवाद



कार्यक्रम में जमकर हंगामा हुआ। पार्टी कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाये। कहा कि जिलाध्यक्ष ने हमेशा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की बी टीम के रूप में काम किया है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, केएन त्रिपाठी, बादल पत्रलेख जैसे दिग्गज नेताओं के सामने कार्यकताओं ने ये आरोप लगाये। प्रदेश प्रभारी के साथ प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने कार्यकताओं से सीधा संवाद किया। संगठन को मजबूत करने के लिये उनके सुझाव मांगे। इसी दौरान कांग्रेस के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष जीशान खान ने पार्टी के जिलाध्यक्ष जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पर कई गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने तंज कसते हुये कहा, इनके जैसा सबसे डेड आदमी कोई हो ही नहीं सकता। कहा कि जिलाध्यक्ष के पद पर रहकर जैशरंजन पाठक ने भाजपा की बी टीम के रूप में विधानसभा चुनाव में काम किया। इसी वजह से डाल्टेनगंज विधानसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी केएन त्रिपाठी की बहुत कम मतों के अंतर से हार हुई। जिलाध्यक्ष हमेशा विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी काम करते हैं। जीशान खान ने जिलाध्यक्ष पर संगठन को कमजोर करने का भी आरोप लगाया। साथ ही मांग की कि पार्टी नेतृत्व को इसे गंभीरता से लेना चाहिये और जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिये।

### एमएमसीएच में जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन

**मेदिनीनगर** : मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल परिसर में जन औषधि दिवस के अवसर पर जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ पलामू सांसद विष्णु दयाल राम



के सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, निजी सचिव अलख दुबे, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र कुमार, डीपीएम प्रदीप कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विदित है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जन औषधि केन्द्र के माध्यम से दवा के खर्च को कम करके करोड़ों देशवासियों को राहत दी है। इन केन्द्रों में सरकार द्वारा खरीदी गयी जेनरिक दवाईयां बेची जा रही है जिनके मूल्य खुले बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड दवाईयों के मूल्यों की तुलना में 50-80 प्रतिशत तक कम होते हैं। वर्तमान में इन केन्द्रों पर वर्ष 2047 तक दवाईयां एवं 300 सर्जिकल इत्यादि उपलब्ध हैं। जन औषधि परियोजना के अंतर्गत अभी तक प्रमुख श्रेणियों की दवाईयां जैसे मधुमेह, रक्तचाप, गैस्ट्रो सहित अन्य दवाएं उपलब्ध है।

### अभिभावक-शिक्षक बैठक में विभिन्न विषयों पर की गयी चर्चा

**मेदिनीनगर** : सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में चतुर्थ अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन



किया गया। इस दौरान सबसे पहले बाल सांसद व शिक्षकों ने अभिभावकों को तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि बैठक में विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, स्वच्छता, बच्चों को मिलने वाली सरकारी सुविधा, आठवीं बोर्ड परीक्षा तथा कक्षा 6 एवं 7 की वार्षिक परीक्षा, नशा विरोधी जागरूकता, पोक्सो अधिनियम, बाल विवाह निषेध कानून व बच्चों के स्व अध्ययन में अभिभावकों का योगदान सहित अनेक विषयों पर चर्चा करते हुये सामूहिक भागीदारी के लिये रणनीति तैयार की गयी।

### जलसंकट शुरू होने पर निदान का प्रयास शुरू करने की परंपरा करें खत्म : आलोक सिंह

# जिला परिषद के आवंटित दुकानों के किराया में 5 प्रतिशत की वृद्धि

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर** : डीडीसी सभागार में जिला परिषद बोर्ड की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी ने की। पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को जलसंकट शुरू होने पर निदान का प्रयास शुरू करने की परंपरा को खत्म करने एवं अभी से अभियान के रूप में निदान कार्य तेज करने का निर्देश दिया। ताकि लोगों को पेयजल की परेशानी न हो। बैठक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बिना टेंडर प्रक्रिया के सामनों की खरीदारी को बंद करने और तय प्रावधान के अनुरूप काम करने का निर्णय लिया गया। पाटन के कस्तूरबा स्कूल में एकाउंटेंट की आत्महत्या के मामले को लेकर



प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में लम्बी समय से दुकानों का किराया जमा नहीं करने वाले आवंटियों का आवंटन रद्द करने तथा बकाया किराया वसूली हेतु सर्टिफिकेट केश दर्ज करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही पुराने व जर्जर दुकानों तथा भवनों की मरम्मत, शटर बदलने एवं दुकानों के सामने चाहरदीवारी तुड़वाने पर चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में बीपीएएमएस अंतर्गत जिला परिषद स्तर से नक्शा स्वीकृति हेतु नोटिस भेजने का निर्णय लिया गया। जिला परिषदीय आवंटित दुकानों का किराया प्रत्येक वर्ष 5 प्रतिशत बढ़ोत्तरी का निर्णय लिया गया। कहा गया कि दुकानों का किराया 1 जनवरी 2018 से अपरिवर्तित है। जिला परिषद कर्मी द्वारा किराया वसूली हेतु प्रखंड भ्रमण पर यात्रा भत्ता एवं चाय-नाश्ता हेतु भत्ता की भी स्वीकृति दी गई। 15 वें वित्त आयोग मद की 2020-21 व 2021-22 की शुन्य प्रगतिवाली योजनाओं को रद्द करने को लेकर पार्षद से पुनः आवेदन मांगे गये हैं, जिनपर आवेदन प्राप्त है, को रद्द करने का प्रस्ताव पास किया गया। जिला परिषद में अनुमंडल स्तर पर 3 एवं विश्रामपुर में 1 कुल 4 मोक्ष वाहन क्रय करने की स्वीकृति दी गई। जिला परिषद में एक रात्री प्रहरी रखने तथा एक जेसीबी क्रय करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। हैदरनगर में व्यवसायिक इकाई, प्रखंड मुख्यालयों में गेस्ट हाउस, सतबरवा में मैरेज हॉल पीपीटी मोड में दुकान, व्यवसायिक भवन निर्माण, मार्केट कम्पलेक्स एवं स्वागत द्वार निर्माण का निर्णय लिया गया। बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव, जिप सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, संग्राम सिंह, विजय कुमार, रिंकी देवी, सुधा देवी, आशा देवी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, ललित मेहता, विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश पांडेय, धनंजय पासवान सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी, प्रमुख उपस्थित थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)